भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या. 2257

(जिसका उत्तर सोमवार, 09 दिसंबर, 2024/18 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया गया)

बिहार में राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) पीठ की स्थापना

2257. डॉ. संजय जायसवाल:

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की कारपोरेट विवाद समाधान को सुकर बनाने हेतु बिहार में राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) पीठ की स्थापना करने की योजना है; और
(ख) यदि हैं, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसके कार्यान्वयन की समय-सीमा क्या है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।

(श्री हर्ष मल्होत्रा)

(क) और (ख): राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) की पीठों की स्थापना कार्यभार की मात्रा और अन्य कारकों के आधार पर चरणबद्ध तरीके से की जा रही है। आज की तारीख तक, देश में एनसीएलटी की एक प्रधान पीठ और 15 अन्य पीठें कार्यरत हैं। अब तक एनसीएलटी की कोई नई पीठ स्थापित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

******